

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, क्योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

यशोन्नति

वर्ष 8+16 अंक 55 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 28 अक्टूबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें
https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

फोटो हरि ओम सोनी

फोटो हरि ओम सोनी

विकास के साथ गौरवशाली विरासत को संजोने का काम किया भाजपा ने - प्रहलाद पटेल

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश की एक एक इंच भूमि सिंचित करने के लिये भाजपा संकल्पि है और यह केवल चुनावी वायदा नहीं है हमारी सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंचाई के क्षेत्र में इतिहास बनाया है आजादी के पहले और आजादी के बाद प्रदेश की कांग्रेस सरकार के पूरे कार्यकाल में 6 लाख हेक्टेयर भूमि पर सिचाई की सुविधाएँ थी, परंतु प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिचाई के लिये जो अभियान चलाया उसका परिणाम है कि अब प्रदेश की 46 लाख हेक्टर भूमि सिंचित है। भाजपा सत्ता के माध्यम के माध्यम से सार्थक प्रयास करती है। प्रदेश की एक एक इंच भूमि सिंचित करना भाजपा का लक्ष्य है । इस आशय की बात केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सिवनी विधायन सभा से भाजपा के प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन की नामांकन रैली शामिल हुये विशाल जनसमुदाय को राशी लॉन में संबोधित करते हुये कही।

पेंच के नाम पर कांग्रेस ने कई बार वोट लिये पर पेंच से पानी भाजपा ने दिया

श्री पटेल ने कहा कि सिवनी में पेंच नहर के नाम पर कांग्रेस के नेताओं ने कई बार वोट मांगे और विधायक सांसद बने परंतु पेंच की नहर नहीं बनायी परंतु भाजपा की सरकार आयी तो सबसे पहला काम पेंच की नहर से किसानों के खेत में पानी पहुँचाया गया और जो भूमि सिंचाई से वंचित रह गयी है उसे आगले कुछ दिनों में पूरी तरह सिंचित करने संकल्प है ।

श्री पटेल ने कहा कि कांग्रेस के नेता कमलनाथ थके हुये नेता है वे सनातन धर्म के विरोध में काम करते है सनातन विरोधियों के समर्थक है । झूठ बोलने वाले नेता है कमलनाथ है । कांग्रेस ने भगवान राम के अस्तित्व पर उंगली उठाने का महापाप किया है सुप्रिय कोर्ट में शपथपत्र दिया है । श्री पटेल ने कहा कि दिग्विजय सिंह ने नर्मदा की परिक्रमा की परंतु उनका विवेक नहीं जागा । श्री पटेल ने सनातन विरोधी कांग्रेस को परास्त कराने का आग्रह किया और कहा कि सभी सिवनी की जनता ने मुझे बहुत दिया है इस बार दिनेश राय मुनमुन को जिताएँ कमल की बटन दबाएं ।

मातृशक्ति के सम्मान और स्वाभिमान के लिये भाजपा को वोट दे

श्री पटेल ने कहा कि सिवनी की भूमि वंदनीय है इस भूमि पर दो हजार वर्ष पूर्व आदि गुरू शंकराचार्य जी के चरण पड़े थे और उन्होंने आदेगाँव में काल भैरव मंदिर की स्थापना की थी और कहा था कि मातृ सत्ता सर्वोच्च सत्ता है परंतु वह कौनसा कारण था कि मातृशक्ति का स्वाभिमान कमतर हुआ। श्री पटेल ने कहा कि इतिहास को आदिवासी समाज ने गौरांवित किया है पाँच सौ वर्ष पूर्व रानी दुर्गावती ने विधर्मियों को अपनी जमीन पर जिंदा रहते हुये पैर नहीं रखने दिया और अपना बलिदान दे दिया। श्री पटेल ने कहा कि 2014 में यदि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न बनते तो गरीबो को मकान देने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना नहीं बनती। आज यदि पूरे देश में गरीबो को पक्के मकान प्राप्त हुये है तो उसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है । उन्होंने कहा कि कुछ व्यक्ति अभी भी ऐसे होंगे जिनके सिर पर छत नहीं होगी उनको पक्के मकान दिलाने के लिये भाजपा को जिताना आवयश्यक है । मोदी जी की सरकार ने साढ़े ग्यारह करोड़ शौचायल बनवाये यह महज शौचालय नहीं यह मातृशक्ति के प्रति सम्मान देने की पवित्र सोच का प्रतीक है । मोदी सरकार ने 9 करोड़ गैस कनेक्शन उज्जवला योजना के तहत दिये यह सब महिला के प्रति सम्मान और उनके स्वाभिमान को बढाने की भावना है । माताओं बहिनों को सम्मान और स्वाभिमान रक्षा के काम ऐतिहासिक काम भाजपा ने किया ।

शुद्ध पेयजल पहुँचाने का है हमारा संकल्प

श्री पटेल ने कहा कि मोदी जी की सरकार ने दूसरी बार सरकार बनते ही लाल किले की प्राचीर से एलान कर दिया कि हर घ्र को शुद्ध पेयजल नल जल योजना के माध्यम से दिया जायेगा परंतु उस समय मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी जिसने योजना को पर्याप्त अहमियत नहीं दी और काम प्रारंभ नहीं किया परंतु जैसे ही प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी शुद्ध पेयजल पहुँचाने वाली योजना का काम तेजी से प्रारंभ हो गया है और हर घर में शुद्ध पेयजल पहुँचाने का हमारा संकल्प है । नल के माध्यम से जो पानी पहुंचेगा यह केवल पानी नहीं होगा वह अच्छा स्वास्थ्य होगा और समय की बचत होगी ।

22 जनवरी को आयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी

श्री पटेल ने कहा कि कांग्रेस से पूछना चाहिये कि उनकी 18 माह की सरकार में उन्होंने जनता को क्या दिया ? श्री पटेल ने कहा कि भाजपा विकास के साथ विसरात के गौरव को भी संवारने का काम कर रही है । जहाँ भाजपा ने तेजी से विकास के काम करते हुये सड़क, बिजली, पानी, पुल पुलिया, नाला, नालियों को व्यवस्थित किया है वहीं गौरव शाली इतिहास को संवारने का काम किया है उन्होंने बताया कि आगामी 22 जनवरी को हमारी आस्था के केन्द्र आयोध्या में भागवान राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी । हमने मंदिर टूटने का इतिहास पढ़ा है आगामी पीढ़ि मंदिर बनने का इतिहास पढ़ेगी यह हमारे लिये गौरव की बात है ।

श्री पटेल ने कहा कि भाजपा की सरकार तेजी से विकास के माध्यम से बढ़े बदलाव कर रही है जो हम देख रहे है । छोटी रेल लाईन बड़ी रेल लाईन में बदली एन एच फोरलेन बना, विकास के काम हम देख रहे तेजी से विकास के लिये, सनातन संस्कृति की रक्षा के लिये, गौरव शाली इतिहास को संजोने के लिये भाजपा को वोट दे । श्री पटेल ने सिवनी विधानसभा के प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन को भारी बहुमत से विजयी बनाने का आग्रह किया ।

केवल कार्यालय बना लेने को कांग्रेस विकास मानती है - दिनेश राय

कार्यक्रम में दिनेश राय मुनमुन ने अपनी बात रखते हुये कहा कि उन्होंने जनता को भगवान माना है और सेवा में कोई कमी नहीं रखी और आगे भी करते रहूंगा कांग्रेस के दुस्प्रचार में नहीं आये यह मुसीबत में काम नहीं आते और सत्ता प्राप्त कर जनता को परेशान करने का काम करते है । श्री राय ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में जितना विकास उनके कार्यकाल में हुआ वह कांग्रेस करने की सोच भी नहीं सकती । श्री राय ने कहा कि कांग्रेस कैसा विकास करते है यह आप सबने कांग्रेस की 18 माह की सरकार में देखा है विकास के नाम कांग्रेस ने जिला मुख्यालय में 6 मंजिला कार्यालय बना लिया उद्योग के नाम तबादला उद्योग प्रारंभ किया । कांग्रेस ने किसानों का कर्ज माफ करने, बेरोजगारों को भत्ता देने का वायदा किया था परंतु सरकार बनने के बाद सबको ठग लिया और कहा कि खजाना खाली है परंतु भाजपा की सरकार आयी तो कांग्रेस ने जो योजनाएँ खजाना खाली होने की बात कहकर बंद कर दी थी वे चालू भी कर दी और छात्राओं को स्कूटी, लैपटाप प्रदान किये इसके साथ ही किसानों का ऋण माफ कर दिया और लाड़ली बहनों को हर माह 1250 रूपये दे रहे है । श्री राय ने कहा कि शिवराज जी इतनी कल्याण कारी योजनाएँ चला रहे है खजाना फिर भी खाली नहीं हुआ परंतु कांग्रेस के सत्ता में आते ही खजाना खाली हो जाता है । इसीलिये आप सब भाजपा की सरकार बनाये मोदी जी है खजाना प्रदेश का कभी खाली नहीं होगा ।

श्री राय ने कहा कि कांग्रेसी अडंगेबाजी करते है जिसके कारण अनेक काम प्रभावित हो रहे है उन्होंने कोरोना काल में किये काम की चर्चा की और कहा कि वह कर्त्तव्य था परंतु कांग्रेसी उसका उपहास उड़ा रहे है यह कांग्रेस की मानसिकता है कि वह हमारी धार्मिक भावनाओं का मजाक उड़ाती है । राय ने आदिवासी गौरव से जुड़े कार्यो का उल्लेख भी किया औ कहा कि सिवनी के विकास में कोई नहीं आयेगी प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी आप सभी ने जो मुझे स्नेह दिया है वह मेरा संबल है, मेरी पूंजी है 17 नबंबर को कमल की बटन दबाकर भाजपा को भारी बहुमत से जिताने का संकल्प लेकर जाये और अपने क्षेत्र में भाजपा की विकास के संकल्प को जनता को बताये । का कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, बालाघाट सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, जिला चुनाव प्रबंधन संयोजक बेदसिंह ठाकुर, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष सुदर्शन बाझल, सिवनी विधानसभा के प्रभारी संतोष अग्रवाल, ओम दुबे, राजेश उपाध्याय, प्रदीप राय, धीरसिंह भलावी, महताप सिंह, नरेन्द्र ठाकुर, श्रीमती आरती शुक्ला, मयुर दुबे, सुदामा गुप्ता नरेन्द्र टांक, महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला उईके,युवा मोर्चा अध्यक्ष युवराज राहंगडाले, सुश्री रानी बघेल, जयदीप ठाकुर, वंदना बैस, विधानसभा क्षेत्र के मंडल गण , सिंवनी नगर मंडल के अध्यक्ष संजय सोनी एवं अभिषेक दुबे सहित अनेक जिला पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

सिवनी यशोः- गुरूवार 27 अक्टूबर 2023 को विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन विशाल नामांकन रैली के साथ अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय में पहुँचकर नामांकन पत्र जमा किया । इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे ।

विशाल नामांकन रैली के साथ दिनेश राय ने किया नामांकन जमा

भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनुमन की विशाल नामंकन रैली भारत माता एवं पार्टी के पितृ पुरूषों के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे के नेतृत्व में प्रारंभ हुई । रैली में सिवनी बालाघाट सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, जिला चुनाव प्रबंधन संयोजक वेद सिंह ठाकुर, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया,पूर्व जिला अध्यक्ष सुदर्शन बाझल, सिवनी विधानसभा प्रभारी संतोष अग्रवाल विधानसभा क्षेत्र के समस्त जिला पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी मंडलों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में जनसमुदाय शामिल हुआ । नामांकन रैली भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर, गांधीभवन, गणेश चौक, शुक्रवारी, नेहरूरोड, नगरपालिका चौक होते हुये कलेक्ट्रेड पहुँची । नामांकन रैली का जगह जगह स्वागत सत्कार हुआ । नगर उत्साही जनों ने रैली पर जेसीबी मशीन के ऊपर चढ़कर पुष्प वर्षा की । रैली गरिमा के साथ नगर में भ्रमण करते हुये कलेक्ट्रेड पहुँची जहाँ प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने वरिष्ठ नेताओं के साथ नामांकन फार्म जमा किया । इसके पश्चात रैली राशी लॉन पहुँची जहाँ केन्द्रीय मंत्री ने उपस्थित जनसमुदाया को संबोधित किया ।

जबरन नॉलेज



कुछ सौदा कर रहे है
काका
हा हा हा.....

स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिये मीडिया का सहयोग जरूरी

सिवनी यशोः- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा कि लोकतंत्र के विकास में मीडिया की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका है। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सम्पन्न कराने के लिये मीडिया का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। वास्तविक जानकारी मतदाताओं तक पहुँचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन गुरुवार को आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल के स्वर्ण जयंती सभागार में मीडिया कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री मनोज खत्री, एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन मीडिया कार्यशाला में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की दी जानकारी

मीडिया कार्यशाला में श्री राजन ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचरण संहिता का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। विगत 9 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक एनफोर्समेंट एजेंसियों (एफएसटी, एसएसटी एवं पुलिस दल) द्वारा पिछले विधानसभा निर्वाचन से दोगुना कीमत की अवैध नकदी, सोना-चांदी, जेवर, मादक पदार्थों की जब्ती की कार्यवाही की जा चुकी है।

श्री राजन ने बताया कि वरिष्ठ मतदाता एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गयी है। प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये मतदाता जागरूकता की विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। श्री राजन ने मीडिया प्रतिनिधियों से मतदाताओं को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करने के लिये अपने संचार माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आव्हान भी किया। मीडिया कार्यशाला में भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक डॉ. वाय.पी. सिंह एवं प्रो. पी.एन. सनेशर द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के मीडिया के संबंध में सभी दिशा-निर्देशों एवं सहयोग की अपेक्षा से जुड़े बिंदुओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

क्रांतिकारी, पत्रकार और लेखक गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती.

चंद्रशेखर आजाद और भगतसिंह की भेंट उन्हीं ने कराई थी, विधार्थी राष्ट्र और संस्कृति को सर्वोपरि मानते थे.

रमेश शर्मा

सार्वजनिक जीवन या पत्रकारिता में ऐसे नाम विरले हैं जिनका व्यक्तित्व व्यापक है और जो विभिन्न विचारों में समन्वय बिठा कर देश सेवा में लगे हों। क्राँतिकारी पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी ऐसे ही व्यक्तित्व के धनी थे, उनके जीवन में और जीवन के बाद भी उन्हें सब अपना मानते हैं । वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अहिसंक आँदोलन में जहाँ स्वयं हिस्सा लेते थे वहीं क्राँतिकारी आँदोलन के बलिदानियों के अज्ञातवास की व्यवस्था करते थे। यह व्यवस्था उनके रुकने से लेकर धन प्रबंध तक होती थी इस दौरान वे पाँच बार जेल भी गये। वे राष्ट्र के लिये सामाजिक और सा प्रदायिक एकता आवश्यक मानते थे और कहते थे कि राष्ट्र का आधार समन्वय और सद्भाव है संस्कृति इसकी पहचान इसलिये राष्ट्र और संस्कृति सर्वोपरि होना चाहिए। वे सदैव इसी अभियान में लगे रहे और इसी अभियान में उनका बलिदान भी हुआ।

गणेश शंकर विद्यार्थी जी का जन्म 26 अे टूबर 1890 को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के अतरसुइया मोहल्ले में हुआ था। प्रयागराज का नाम उन दिनो इलाहाबाद में हुआ करता था। उनके पिता जयनारायण श्रीवास्तव यद्यपि उत्तर प्रदेश में फतेहपुर के निवासी थे लेकिन मध्यप्रदेश के मुंगावली में आकर बस गये थे। यहां प्रधान अध्यापक थे और इसी स्थान को उन्होंने अपना स्थाई निवास बना लिया था। मुंगावली अशोकनगर जिले के अंतर्गत यह एक तहसील मु यालय है। प्रयागराज विद्यार्थी का ननिहाल था। गर्भ अवस्था में माता गोमती देवी मुंगावली से अपने मॉयके प्रयागराज गयीं और विद्यार्थी जी का जन्म वहीं हुआ। नानी गंगा देवी गणेश जी की भक्त थीं। नाम ÷गणेश शंकर÷ उनकी नाना गंगा देवी ने ही रखा था। शिक्षा और साहित्य विधा में ननिहाल भी परिवार प्रतिष्ठित था इस नाते विद्यार्थी के ननिहाल की निकटता प्रयागराज में नेहरु परिवार से भी थी और प्रेमनारायण श्रीवास्तव परिवार से रिश्तेदारी भी । प्रेम नारायण जी यानी अभिताभ बच्चन के दादाश्री। विद्यार्थी जी की मित्रता बचपन में पं जवाहरलाल नेहरु से हुई जो आखिर तक रही लेकिन यह मित्रता विद्यार्थी जी की पत्रकारिता और प्रखर राष्ट्र भाव जाग्रति के अभियान में बाधा न बनी। उनके संबंध कितने गहरे रहे होंगे इसका अनुमान इस एक बात से लगाया जा सकता है कि विद्यार्थी जी के विरुद्ध लगाये गये एक मानहानि मुकदमे में गवाही देने के लिये पं जवाहरलाल नेहरू अदालत तक गये थे। यह बात अलग है कि न्यायधीश ने गवाही के तथ्य को शंकित माना और विद्यार्थी जी को सजा सुना दी। ठीक इसी प्रकार वे गाँधी जी के प्रशंसक थे। वे गाँधी जी के व्यक्तित्व को चमत्कारिक कहते थे किंतु स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों से तालमेल के पक्ष में नहीं थे । असहयोग आँदोलन में जब गाँधी जी ने खिलाफत आँदोलन को स मिलित किया तो इस पर भी विद्यार्थी जी ने असहमति को प्रदर्शित करते प्रताप में संपादकीय लिखा था। उनका मानना था कि खलीफा व्यवस्था का समर्थन करना है तो यह आँदोलन अलग हो और भारत की स्वतंत्रता का आंदोलन अलग। 1913 के बाद के उनके तमाम लेखों में पूर्ण स्वतंत्रता का अव्हान ही होता था। जो नारा तिलक जी ने दिया था।


क्रांतिकारी, पत्रकार, लेखक तथा संपादक
गणेश शंकर विद्यार्थी
26 अक्टूबर 1890 - 25 मार्च 1931
|| जयंती पर सहस्त्र नमन ||
FREEDOM
REVOLUTI

विद्यार्थी जी की प्रारंभिक शिक्षा अपने पिता के सानिध्य में मुंगावली में ही हुईऔर मिडिल परीक्षा 1905 में विदिशा नगर से। महाविद्यालयीन शिक्षा वे पुनः प्रयागराज आये और यहीं से उनका सार्वजनिक जीवन आरंभ हुआ। लेखन में रुचि बचपन से थी। यह विधा उन्हे विरासत में मिली थी। पिता और नाना दोनों परिवार शिक्षा और साहित्य सृजन से जुड़े थे इस नाते लेखन चिंतन उनके रक्त में आया। जब वे सोलह वर्ष के थे तब उनकी रचना ÷सरस्वती÷ पत्रिका में हुई थी। महाविद्यालयीन शिक्षा के दौरान वे सुप्रसिद्ध क्राँतिकारी लेखक पत्रकार पं सुन्दर लाल और साहित्यकार एवं पत्रकार पं महावीर प्रसाद द्विवेदी के संपर्क में आये। साहित्य में द्विवेदीजी को और पत्रकारिता में पं सुन्दर लाल को वे अपना आदर्श और गुरु मानते थे। साहित्य एवं पत्रकारिता में यह अंतर्धारा उनके प्रत्येक लेखन में झलकती है। उन्हे पढ़ने और लिखने का शौक बचपन से था इसी शौक ने उन्हें लेखक पत्रकार बनाया। उन्होने सोलह वर्ष की आयु में ÷आत्मोसर्जना÷ लघु उपन्यास लिख दिया था। प्रयागराज में अपनी पढ़ाई के साथ उनकी रचनायें पत्र पत्रिकाओं में स्थान बनाने लगीं थीं। परिचय भी बढ़ा और समय के साथ ÷कर्मयोगी÷ के संपादकीय विभाग में सहयोगी हो गये थे। वे लेखन में अपने नाम आगे परिवार का पारंपरिक उपनाम ÷श्रीवास्तव÷ की बजाय ÷विद्यार्थी÷ लिखते थे । वे कहते कि अभी मैं विद्यार्थी हूँ इसलिये लिखता हूं।

1908 में अपनी पढ़ाई पूरी करके वे कानपुर आ गये यहाँ पहले करेंसी आफिस में नौकरी कर ली तब उन्हें तीस रुपये माहवार वेतन मिला करता था लेकिन अध्ययन और लिखना सतत जारी रहा उनके लेखन में समाज को जाग्रत रहने और स्वयं के स मान का ध्यान रखने का आव्हान होता था। लेखन की यह विधा अंग्रेज अधिकारी को पसंद न थी इसलिये विवाद हुआ और वे नौकरी छोड़कर हाई स्कूल में शिक्षक हो गये। विद्यालय का वातावरण उनके अनुकूल था। पठन-पाठन और लेखन का कार्य तेज चला । कर्मयोगी, स्वराज्य और कलकते की हितवार्ता में वे नियमित लिखते.1911 में वे शिक्षक की नौकरी छोड़कर पत्रिका सरस्वती में सहायक हो गये। महावीर प्रसाद द्विवेदी सरस्वती के संपादक थे, यहाँ वे दो वर्ष रहे। 9 नव बर 1913 को उन्होंने प्रताप नाम से अपनी पत्रिका आरंभ की। यह नाम उन्होंने महाराणा प्रताप के ओज के रूप में माना था। प्रताप निकालने का निर्णय लिया तब उनकी आयु तेइस वर्ष की थी, परिवार की विरासत, अध्ययन और आयु का ओज इनकी त्रिवेणी ने उनका विचार बनाया था कि राष्ट्र का निर्माण महाराणा प्रताप जैसी संघर्ष शीलता और समर्पण से ही संभव है इसलिये उन्होंने पत्रिका का नाम ÷प्रताप÷ रखा। सात वर्ष पश्चात 1920 में प्रताप को दैनिक कर दिया। भारत की स्वतंत्रता और सार्वजनिक अभियान में ऐसा कोई नहीं था जो उनके नाम और निर्भीक लेखन से परिचित न हो.1916 में तिलक जी उनके कार्यालय आये थे। पत्रकारिता, लेखन, और समाज सेवा के साथ वे एनीवेसेन्ट के होमरूल आँदोलन से जुड़े थे। नेहरु जी के आग्रह पर विद्यार्थी जी काँग्रेस के सदस्य बन गये। वे 1925 में काँग्रेस के कानपुर अधिवेशन में स्वागताध्यक्ष बने और बाद मै उत्तरप्रदेश काँग्रेस के अध्यक्ष भी बने। उन्होनें 1930 के सत्याग्रह में हिस्सा लिया और जेल गये। विद्यार्थी काँग्रेस के सदस्य तो बन गये पर न तो उनके लेखन की दिशा बदली और न अन्य गतिविधियाँ। उन्होंने प्रताप के कार्यालय के नीचे एक गुप्त तहखाना बनाया हुआ था जहाँ देश का समस्त प्रतिबंधित साहित्य एकत्र रहता था और वही क्राँतिकारियों के छिपने का स्थान था। विद्यार्थी जी को प्रताप में माखनलाल चतुर्वेदी और बालकृष्ण शर्मा नवीन जैसे सहयोगी मिल गये, इनके कारण प्रताप की यात्रा निर्वाध रही। विद्यार्थी जी के आँदोलन में जाने अथवा जेल जाने का प्रताप पर कोई अंतर न पड़ता था। सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी भगतसिंह ने अपने अज्ञातवास का ढाई वर्ष का काल-खंड विद्यार्थी जी के सानिंध्य में ही गुजारा। वे ÷बलवंतसिंह÷ के नाम से प्रताप में काम करने लगे और इसी नाम से लेख लिखते। यह समाचार पत्र ÷प्रताप÷ की क्राँतिकारी आवाज थी कि तब कलकत्ता और पंजाब के बाद कानपुर ही क्राँतिकारी गतिविधियों का केन्द्र बन गया। प्रताप में भगतसिंह ही नहीं राम दुलारे त्रिपाठी ने भी काम किया। इन्हें भी काकोरी कांड में सजा हुई थी । गणेश शंकर विद्यार्थी जी ने ही अपने कार्यालय में क्राँतिकारी चंद्र शेखर आजाद और भगतसिंह की भेंट कराई थी। विद्यार्थी जी की प्रेरणा से ही श्यामलाल जी गुप्त ने ÷विश्व विजयी तिरंगा प्यारा÷ झंडा गीत लिखा और यहीं माखन लाल चतुर्वेदी जी ने अपना कालजयी गीत पुष्प की अभिलाषा लिखा और ये दोनों गीत सबसे पहले प्रताप में प्रकाशित हुये। विद्यार्थी जी के प्रयत्न से ही झंडा गीत कानपुर में काँग्रेस अधिवेशन में गाया गया । विद्यार्थी जी के प्रयत्न से ही क्राँतिकारी अशफाक उल्ला खान की कब्र बन सकी । बलिदानी अशफाक उल्ला को 1927 में फैजाबाद जेल में फाँसी दी गयी थी। विद्यार्थी संस्कृत, हिन्दी, उर्दू फारसी और अंग्रेजी भाषाओं के जानकार थे। उनकी भाषा सरल शुद्ध और मुहावरेदार होती थी। पत्रकारिता में शुद्ध, सरल और मुहावरे दार भाषा का चलन विद्यार्थी जी ने ही आरंभ किया था। उनका प्रत्येक पल राष्ट्र, संस्कृति और पत्रकारिता के लिये समर्पित था पर यह जीवन यात्रा दीर्घजीवी न रह सकी। मात्र 41 वर्ष की आयु में ही उनका बलिदान हो गया, वह 25 मार्च 1931 का दिन था जब कानपुर बंद का आयोजन हुआ था। यह बंद क्राँतिकारी भगतसिंह को फाँसी दिये जाने के विरोध में आयोजित था। क्राँतिकारी भगतसिंह को 23 मार्च को फाँसी दी गई थी। गम, गुस्से और विरोध में देश के विभिन्न स्थानों पर बंद का आयोजन हुआ। इसकी पहल विद्यार्थी जी और प्रताप ने की थी लेकिन मुस्लिम लीग और कुछ संगठन थे जिन्होंने बंद का विरोध किया 24 मार्च से कानपुर में सा प्रदायिक दंगे शुरु हो गये। विद्यार्थी जी को लगा कि वे दंगाइयो को जाकर समझा सकते हैं कि भगतसिंह का बलिदान इस राष्ट्र की स्वाधीनता के लिये हुआ है इसलिए सबको मिलकर विरोध करना चाहिए। हालांकि प्रताप के सहयोगियों ने विद्यार्थी जी को रोकना चाहा पर वे न रुके । विद्यार्थी जी जितने सरल और सहज थे उतने ही अपने निर्णय और लेखन पय दृढ़ रहते थे, वे न माने और समझाने के लिये दंगाइयो के बीच चले गए लेकिन लौट न सके। दो तीन बाद दंगा थमा तब विद्यार्थी जी को ढूंढने का प्रयत्न हुआ लेकिन वे कहीं न मिले अंत में 29 मार्च को उनका शव %अज्ञात शवों% के ढेर में मिल सका। देखकर लगा कि शव के साथ भी अमानुषिकता बरती गयी थी। शव निकाला और अंतिम संस्कार किया गया। किस गली में प्रहार हुआ किसने किया यह प्रश्न आज भी अनुत्तरित है।

ए स भोपाल में "किशोर लीनिक " का उद्घाटन

भोपाल। ए स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने एक किशोरे लीनिक का उद्घाटन किया। ये किशोरे लीनिक ए स के विभिन्न विभागों मनोचिकित्सा, बाल चिकित्सा, एंडोक्रिनोलॉजी, प्रसूति एवं स्त्री रोग और सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा (सीएफएम) द्वारा संयुक्त रुप से चलाया जायेगा। यें लीनिक प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे गुरुवार को दोपहर में अपनी सेवाएं प्रदान करेगा।

किशोरों के मन में उठे तमाम सवालों का जवाब

इस अवसर पर प्रो डॉ. राजेश मलिक, डीन (अकादमिक), प्रोफेसर डॉ. शशांक पुरवार चिकित्सा अधीक्षक (कार्यवाहक), कर्नल (डॉ.) अजीत कुमार, उप निदेशक (प्रशासन) और प्रोफेसर डॉ. विजेंदर सिंह, प्रमुख, मनोचिकित्सा विभाग, रेजिडेंट डॉ टर और संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। किशोरावस्था एक ऐसी अवस्था होती है जब किशोरें के मन में तमाम प्रकार के विचार आते है और ऐसे में उन विचारों को सही दिशा देना बहुत आवश्यक होता है। किशोरावस्था में व्यवहार संबंधी, मनोसामाजिक,शारीरिक एवं स्कूल संबंधी समस्याएं हो सकती है। यह विशेषे लीनिक किशोर लड़कों और लड़कियों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इसे लीनिक में देखभाल की जाने वाली सामान्य समस्याओं में भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक मुद्दे, विकास और वृद्धि से संबंधित मुद्दे, मासिक धर्म जैसे संवेदनशील मामलों से संबंधित मुद्दे, किशोर गर्भनिरोधक, टीकाकरण और एंडोक्रिनोलॉजी समस्याएं शामिल होंगी। यह` लीनिक विशेष रूप से स्त्री रोग संबंधी और एंडोक्रिनोलॉजी समस्याओं, शरीर की छवि विरूपण से संबंधित समस्याओं को भी पूरा करेगा।

स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिये मीडिया का सहयोग जरूरी- मु य निर्वाचन पदाधिकारी

मीडिया कार्यशाला में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की दी जानकारी

भोपाल । मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने कहा कि लोकतंत्र के विकास में मीडिया की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका है। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को स पन्न कराने के लिये मीडिया का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। वास्तविक जानकारी मतदाताओं तक पहुँचाना हम सभी की जि मेदारी है।

मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन गुरुवार को आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल के स्वर्ण जयंती सभागार में मीडिया कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर अपर मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, संयुक्त मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री मनोज खत्री, एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मीडिया कार्यशाला में श्री राजन ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचरण संहिता का स ती से पालन कराया जा रहा है। विगत 9 अे टूबर से 26 अे टूबर तक एनफोर्समेंट एजेंसियों (एफएसटी, एसएसटी एवं पुलिस दल) द्वारा पिछले विधानसभा निर्वाचन से दोगुना कीमत की अवैध नकदी, सोना-चांदी, जेवर, मादक पदार्थों की जब्ती की कार्यवाही की जा चुकी है।

श्री राजन ने बताया कि वरिष्ठ मतदाता एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गयी है। प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये मतदाता जागरूकता की विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। श्री राजन ने मीडिया प्रतिनिधियों से मतदाताओं को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करने के लिये अपने संचार माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आव्हान भी किया।

मीडिया कार्यशाला में भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक डॉ. वाय.पी. सिंह एवं प्रो. पी.एन. सनेशर द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के मीडिया के संबंध में सभी दिशा-निर्देशों एवं सहयोग की अपेक्षा से जुड़े बिंदुओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

भोपाल-उज्जैन ऐ सप्रेस ट्रेन में फर्जी टीटीई बनकर लोगों से कर रहा था वसूली, कालापीपल से किया गिर तार

भोपाल। शाजापुर जिले के सिहोर व शुजालपुर आरपीएफ ने कालापीपल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के अंदर लोगों से वसूली करने वाले फर्जी टीटीई को गिर तार किया है। आरोपी के पास से फर्जी आईकार्ड भी जब्त किया गया है।

कालापीपल रेलवे स्टेशन के वाणिज्यिक सह टिकट` लर्क राजेश्वर कुमार शर्मा ने बताया यात्री लगातार स्टेशन पर टीटीई के संबंध में शिकायत कर रहे थे। गुरुवार को कालापीपल रेलवे स्टेशन पर भोपाल-उज्जैन ऐ सप्रेस ट्रेन पहुंची, तो संदिग्ध को गिर तार किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम दिवाकर मिश्रा (31) निवासी शिव नगर कॉलोनी विदिशा रोड़ हुजूर भोपाल बताया। आरपीएफ ने तलाशी ली तो उसके पास रेलवे का फर्जी आईकार्ड निकला। उसमें उसका नाम दिवाकर मिश्रा पद एसी कोच मैकेनिक लिखा था। युवक ने भारतीय रेलवे का आइडेंटिटी कार्ड का पट्टा पहना हुआ था। वहीं आरोपी के दस्तावेजों की जांच की गई तो वह फर्जी पाया गया।

आरपीएफ के निरीक्षक एफ सी मीना,सब इंस्पे टर हरदेव सिंह ,आरक्षक अभिनय कुमार पाल ने जांच मेंपाया कि आरोपी ने रेलवे का डुप्लीकेट आईकार्ड रखकर ट्रेन में टिकट चेकिंग की। इस तरह उसने रेलवे को आर्थिक क्षति पहुंचाई है। इसके बाद आरपीएफ ने आरोपी युवक को जीआरपी मे सी को हैंडओवर किया गया।

अमित शाह 30 को इंदौर में, संभाग की 37 सीटों के पदाधिकारियों से चुनावी रणनीति पर करेंगे बात

इंदौर। संजीव मालवीय। प्रदेश में विधानसभा चुनाव की कमान संभालने वाले केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह 30 अे टूबर को इंदौर आ रहे हैं। वे यहां संभाग की 37 सीटों के पदाधिकारियों के साथ-साथ जिलाध्यक्षों और प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ चुनावी रणनीति पर बात करेंगे। बैठक में दूसरे राज्यों से प्रभारी बनाकर भेजे गए विधायकों और वरिष्ठ नेताओं को भी बुलाया गया है। विधानसभा चुनाव के प्रचार की शुरुआत में अमित शाह एक बार इंदौर आ चुके हैं और एक बड़ी सभा संबोधित कर चुके हैं। इसके बाद अब उनका ये दूसरा इंदौर दौरा है। हालांकि वे महीने के अंत में तीन दिन प्रदेश में ही डेरा डाले रहेंगे।

इस दौरान सभी संभागों में जाकर संगठनात्मक बैठक लेंगे। वे 30 अे टूबर को इंदौर आएंगे। यहां संभाग के सभी 9 संगठनात्मक जिलों की बैठक रखी गई है, जिसमें 37 सीटों के विधानसभाओं के प्रभारी और वहां भेजे गए प्रवासी विधायकों को भी बुलाया गया है। बैठक में मु यमंत्री शिवराजसिंह चौहान और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा भी मौजूद रहेंगे। इन प्रवासी विधायकों में गुजरात, गोवा और महाराष्ट्र के वे विधायक शामिल हैं, जो पिछले एक महीने से यहां संगठन का काम देख रहे हैं। इसके अलावा सभी जिलों के शहर अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चा के अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी और पूर्व विधायक तथा सांसद मौजूद रहेंगे। बैठक में डेढ़ सौ से अधिक पदाधिकारियों के आने की संभावना को देखते हुए कार्यालय से बाहर बैठक रखे जाने की तैयारी चल रही है।

इसको लेकर संभाग प्रभारी राघवेन्द्र गौतम और नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे स्थान का चयन करने में लगे हैं। बैठक का स्थान एयरपोर्ट के आसपास ही रखा जा सकता है,` योंकि अमित शाह बैठक के बाद सीधे यहां से रवाना हो जाएंगे। बैठक के दौरान वर्तमान में संभाग के प्रत्याशियों की या स्थिति है, इस पर भी चर्चा की जाएगी। हालांकि बैठक का कोई एजेंडा अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि चुनावी साल है और शाह के हाथ में प्रदेश की कमान है, इसलिए वे समीक्षा करने आ रहे हैं। इस दौरान वे चुनाव लडने़ के टिप्स भी देंगे।

अ यर्थियों को देनी होगी आपराधिक प्रकरणों की जानकारी

मु य निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 को लेकर प्राप्त हुए नाम निर्देशन पत्र और तैयारियों के बारे में कराया अवगत

कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
मध्यप्रदेश निर्वाचन सदन
17, अरेरा हिल्स, भोपाल

भोपाल। मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने गुरुवार को निर्वाचन सदन भोपाल में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 में की जा रही तैयारियों एवं 25 अे टूबर तक प्राप्त हुए नामांकन के बारे में जानकारी दी गई। अपर मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, संयुक्त मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राकेश सिंह, श्रीमती रुचिका चौहान, श्री बसंत कुर्रे, श्री मनोज खत्री, उप मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद शु ला, भारतीय जनता पार्टी से श्री एस.एस. उप्पल, इंडियन नेशनल कांग्रेस से श्री जे.पी. धनोपिया, बहुजन समाज पार्टी से श्री सीएल गौतम, आम आदमी पार्टी से श्री सुमित सिंह चौहान, क युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट) से श्री पी.व्ही. रामचंद्रन उपस्थित थे।

श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में संयुक्त टीमों द्वारा 140 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती कार्रवाई की गई है। इसमें रुपये, अवैध शराब, मादक पदार्थ, अमूल्य धातु, सोना, चांदी, ज्वेलरी एवं विभिन्न प्रकार की सामग्रियों की जब्ती शामिल है।

प्रदेश में सामान्य प्रेक्षक 152, पुलिस प्रेक्षक 35 और 102 व्यय प्रेक्षक नियुक्त किए गए है। 25 अे टूबर तक 290 अ यर्थियों ने 327 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए हैं।

श्री राजन ने बताया कि वोटर आईडी कार्ड के अलावा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य किए गए 12 वैकल्पिक दस्तावेज के आधार पर मतदाता मतदान कर सकेंगे। मतदाताओं को मतदाता पर्ची और वोटर गाइड का वितरण किया जाएगा। इस बार वोटर पर्ची में ` यूआर का कोड का उपयोग होगा। मतदान केंद्रों पर रैंप, बिजली, पानी, फर्नीचर, हेल्प डेस्क, शौचालय और समुचित संकेतकों की व्यवस्था की गई है। श्री राजन ने बताया कि 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुगम सुविधा प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत प्रदेश में 1 लाख 18 हजार 687 आवेदन 12 डी के प्राप्त हुए हैं। मतदान से पहले उमीदवार को रूट चार्ट के बारे में जानकारी दी जाएगी। प्रत्येक अ यर्थी द्वारा नाम निर्देशन के साथ निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र भरकर उपलब्ध कराना होगा। अ यर्थी को आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देनी होगी। इसके लिए अ यर्थी को तीन अलग-अलग तिथियों में समाचार पत्रों में प्रकाशन एवं न्यूज चैनलों में प्रसारण कराना होगा, जिससे मतदाताओं को ऐसे उमीदवारों की पृष्ठभूमि के बारे में पता चल सके। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदान केंद्र के 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग/सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जाएगी, जिससे क्रिटिकल घटनाओं पर नजर रखी जा सके।

न्यायालय का बड़ा फैसला, चिटफंड कंपनी के डायरे टर को सुनाई 170 साल की सजा, नौ लाख का अर्थदंड

सीहोर। सीहोर के जिला न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए रुपए का लालच देकर धोखाधड़ी करने वाले सांई प्रसाद चिट फंड कंपनी के डायरे टर बाला साहब भापकर को 170 साल की सजा और 9 लाख 35 हजार के जुर्माने से दंडित किया गया है। न्यायालय ने धारा चिटफंड अधिनियम में 5- 5 साल की सजा और निवेशकों की काउंटिंग में सजा सुनाई है। इनमें 170 साल की सजा और 9 लाख 35 हजार का जुर्माना से दंडित किया गया है।

सहायक जिला अभियोजन अधिकारी प्रमोद अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्त बाला साहब भापकर एवं एजेंटों ने सांई प्रसाद क पनी में पैसा पांच साल में दुगना हो जाने का आश्वासन देते हुए निवेशकों से पैसा जमा कराया था और पॉलिसियां दी थीं। वर्ष 2012 से 2015 तक राशि जमा कराई गई। बाला साहब खुद को सांई प्रसाद प्रॉपर्टी कंपनी लिमिटेड का चेयरमैन/ डायरे टर / सीएमडी/ एजेंट बताकर सीहोर जिले के ग्राम आमला पानी थाना गोपालपुर के गांव में पहुंचा था। निवेशकों को दी गई पॉलिसियां जब मैच्योर हुई तो लोग कंपनी के कार्यालय पहुंचे तो पता चला कि कार्यालय पर ताले लगे थे। निवेशकों ने संपर्क किया तो आश्वासन दिया किया कि उनका पैसा मिल जाएगा। जब निवेशकों को उनका पैसा नहीं प्राप्त हुआ तो थाना गोपालपुर में फरियादी दयाराम के आवेदन पर से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई।

आरोपी सांई प्रसाद लिमिटेड कंपनी/ बाला साहब भापकर के विरुद्ध भादसं 1860 की धारा 420 के अंतर्गत अपराध क्रमांक 17/20 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के बाद आरोपी के विरुद्ध धारा 420/34, भादवि, धारा 6 मप्र निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2000 के अंतर्गत अभियोग-पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अभियोजन पक्ष द्वारा अभिलेख पर आई साक्ष्य एवं विधि के प्रावधानों के आधार पर बहस की गई, जिससे सहमत होते हुए विशेष न्यायालय संजय कुमार शाही ने अभियुक्त आरोपी बाला साहब भापकर पिता केशवराव भापकर निवासी सांई दरबार बंगलो, चिंचवड़ पुणे को धारा 420 भादवि एवं धारा 6 निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम में क्रमशः5-5 वर्ष (17 काउंट) कुल 170 वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 9 लाख 35 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

श्रीराम-लक्ष्मण के अग्निबाणों से हुआ रावण पुतले का दहन, महाराश ने किया मंत्रमुग्ध

देर शाम तक होते रहा मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन, विसर्जन स्थाल पर तैनात रहा पुलिस व होमगार्ड का अमला

फोटो हरि ओम सोनी

सिवनी यशोः- मुख्यालय समेत जिले में धर्म की अधर्म पर जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व उल्लास, उमंग के साथ मनाया गया। जिले भर में जगह-जगह भंडारे और सांस्कृतिक कार्येक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्यालय का मुख्य दशहरा पर्व का आयोजन बड़े मिशन स्कूल मैदान पर आयोजित किया गया। यहां मनमोहक कार्यक्रमों व आतिशबाजी के साथ श्रीराम-लक्ष्मण के अग्निबाणों से अहंकार के प्रतीक रावण के पुतले का दहन हुआ।बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं से सांस्कृति कार्यक्रमों के साथ रावण पुतला दहन का आनंद लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये ।

बनारस के कलाकारों ने किया मंत्रमुग्ध

बड़े मशन स्कूल में श्रीराम दल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बनारस के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर लोगों का मंत्रमुग्ध कर दिया। बनारस से आए सात वैदिक ब्राह्मणों ने गंगा आरती की तर्ज पर श्रीरामचंद्र की आरती की। इसके बाद वृंदावन के माधव शास्त्री की टीम गीतांजली इंटरनेशनल ने बांकेविहारी महारास, मयूररास, सुदामा मिलन और ब्रज की प्रसिद्ध फूलों की होली का मंचन किया। रात 10 बजे श्रीराम-लक्ष्मण के अग्निबाणों से रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन के दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। रावण दहन के बाद मिशन स्कूल से ही विजय यात्रा श्रीरामरथ के साथ प्रारंभ हुई जो शुक्रवारी से मुख्य शोभायात्रा में नगर भ्रमण में शामिल हुई।

चल समारोह में उमड़ी भीड़

जिला मुख्यालय के दशहरा पर्व पर शहर के शुक्रवारी चौक में सारी प्रतिमाएँ परंपरा अनुसार एकत्रित हुई जिनकी अगवानी शहर की व्यायाम शालाओं द्वारा की गयी विधिवत प्रतिमाओं के पूजन अर्चन के बाद चल समारोह प्रारंभ हुआ। यहां विभिन्न व्यायामशालाओं के स्वयंसेवकों ने हैरतअंगेज प्रदर्शन किया। इसके बाद मां माता काली की प्रतिमा चल समारोह में सबसे आगे निकली फिर प्रतिमाओं के निकलने का क्रम प्रारंभ हुआ । नेहरू रोड में अनेक स्थानों पर प्रतिमाओं का पूजन निवासियों द्वारा किया गया इसके साथ ही क्रांतिकारी सुभाष मंच द्वारा गुरूकृपा मेडीकल स्टोर के सामने समस्त व्यायामशालाओं एवं दुर्गा समितियों का सम्मान किया नेहरू रोड में भाजपा सिवनी नगर के दोनों मंडलो एवं गरबा उत्सव समिति द्वार व्यायामशालाओं एवं दुर्गा पूजन समितियों का सम्मान किया गया । चल समारोह में नगर सहित आसपास के गांवों व जिलों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।चल समारोह के दौरान जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया।चल समारोह के दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।



छपारा में आरएसएस संघ ने किया पथ संचलन

विजया दशमी दशहरा के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने नगर में पथ संचलन किया।सभी स्वयंसेवक गणवेश में नगर के सीएम राइज विद्यालय परिसर पर एकत्र हुए।इसके बाद नगर के संजय कालोनी चौराहा से माता वार्ड होते हुए जैन वार्ड, झंडा चौक, लोधी वार्ड, शंकर मढिया,बस स्टैंड मुख्य मार्ग से पथ संचलन कदमताल करते हुए सीएम राइज विद्यालय में पहुंचकर समाप्त हुआ।

आकर्षण का केंद्र रही ब्रह्माकुमारीज संस्थान की झांकी

छपारा नगर की प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान ने शारदेय नवरात्र पर्व के मौके पर लगातार दसवें वर्ष भी झांकी प्रस्तुत की।इसमें नगर के शंकर मढिया स्थित सार्वजनिक मंच में रखा गया।अष्टमी और नवमी को चैतन्य झांकियां का भव्य आयोजन किया गया।इसमें छपारा सेवा केंद्र की प्रमुख दीदी ब्रह्माकुमारी माधुरी व प्रेरणा दीदी ने नाटक के माध्यम से कैसे देवियां विकारों रूपी राक्षसों का संघार करती है दिखाया।सबसे विशेष बात यह रही कि लगातार तीन से चार घंटे एक सी मुद्रा में लगातार बैठ कर सजीव झांकी की प्रस्तुति दी गई। नगर वासियों ने बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम का आनंद लिया। साथ ही शंकर मडिया के सभी समिति सदस्यों ने इस कार्यक्रम में अपनी अहम भूमिका निभाई व अंत में ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा सभी समिति के सदस्यों का सौगात देकर के सम्मान किया गया।

छपारा में जगह जगह हुए भंडारे

छपारा नगर में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया।आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग दशहरा देखने आए।सभी दुर्गा पंडालों में दुर्गाजी देखने भारी भीड़ देखी गई।साथ ही नगर के व्यायाम शालाओं ने नगर में जगह जगह अखाड़ा का प्रदर्शन किया।वहीं दशहरा पर्व पर नगर के कई स्थानों में भंडारे का आयोजन किया गया।नगर में दशहरा पर्व पर पुलिस प्रशासन की व्यवस्था नजर आई जिसके चलते दशहरा पर्व शांति पूर्ण देर रात तक चलता रहा।

फोटो हरि ओम सोनी

फोटो हरि ओम सोनी

आदेगांव में दशहरा पर्व पर हुए आयोजन

अधर्म पर धर्म की वअसत्य पर सत्य की जीत का विजय दशमी पर्व नगर में श्रृद्धा व भक्ति भाव से मनाया गया।इस अवसर घरोंघर भगवान श्रीराम का पूजन अर्चन किया गया।दशहरा पर्व पर जगतजननी मां शेरावाली के स्थानीय सभी दरवारों में भक्ति गीतों जसों भजनों के माध्यम से देवी जागरण के कार्यक्रम देर रात तक चलते रहे।वहीं बुधवारी चौक में श्रीराधाकृष्ण रामलीला मंडल ने भगवान श्रीराम की लीलाओं का प्रदर्शन किया।विजयदशमीं की रात बुधवारी चौक में देर रात तक जारी भगवान श्रीराम की लीला में रावण ने अपने संपूर्ण कुल सहित स्वयं को मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के हाथों मरवाकर मोक्ष की प्राप्ति कर ली।विजय दशमी पर्व पर बुधवारी में अंगद-रावण संवाद से लीला आरंभ होकर लक्ष्मण-मेघनाथ युद्ध, लक्ष्मण शक्ति, कुंभकरण वध, मेघनाथ वध, अहिरावण वध, रावण वध, मां सीता वापिसी के साथ विभीषण को लंका का राज काज सौंपकर श्रीराम जानकी व लक्ष्मण की अयोध्या वापिसी हुई।अयोध्या में भगवान के आगमन बाद श्री राम का राज्याभिषेक कर लीला को संपन्न करवाया गया।

रामादल के राम सीता लक्ष्मण भरत व हनुमान का पाठ करने वाले रोहित नेमा, अभिषेक नेमा, दिलीप नेमा, मयंक नेमा, अनिरुद्ध नेमा, रज्जू नेमा, जितेन्द्र नेमा अथर्व नेमा ने बताया कि यह किरदार हमे सदैव संयमित व मर्यादा में रहने की प्रेरणा देते हैं।प्रदीप नेमा, महेन्द्र यादव, अजय, विजय ,राजुल पंकज, दुर्गेश, दीपांशु नेमा, अमन नेमा सहित अन्य कलाकारों ने रामा-दल के अपोजिट अपने अपने बेहतरीन किरदार निभाए।

आचार संहिता के उल्लंघन पर हुई कार्यवाही

डी. जे संचालको के विरुध्द कार्यवाही

सिवनी यशोः- पुलिस द्वारा आगामी निर्वाचन को को देखते हुए सक्रियता बरती जा रही है। तथा लोगो से कहा जा रहा है कि शासन के नियमो का पालन करें। बाबजूद इसके लोग लापरवाही बरत रहे हैं। जिन पर पुलिस कार्यवाही कर रही है। वहीं नियमो का उल्लंघन करने वाले डीजे संचालको पर कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही की है। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया की पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुप्रसाद शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पुरुषोत्तम मरावी के दिशा निर्देशानुसार आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले डी.जे संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके चलते दलसागर रोड भैरोगंज सिवनी में दुर्गा

प्रतिमा भ्रमण के दौरान संगम धमाल पार्टी के संचालक

द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते पाये जाने से डीजे संचालक के विरूद्ध अपराध क्रमांक 967/23 धारा 188 भादवि एवं 7/15 म.प्र. कोलाहल अधिनियम का कायम किया गया। डीजे संचालक शुभम बावले के कब्जे से 4 साउंड बॉक्स, 4 साउंड सिस्टम, 1 मिक्सर मशीन4 लाइट, एक जनरेटर मौके से जप्त किया गया। जिनकी कुल कीमती करीबन दो लाख पचास हजार रूपये है। इस कार्यवाही में निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि संतोष बैन एवं थाना स्टाफ शामिल रहा।

17 नवम्बर को मतदान दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित

सिवनी यशोः- राज्य शासन ने परक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंटस ऐक्ट) 1881 के अंतर्गत प्रदेश में विधानसभा आम चुनाव-2023 के मतदान के लिये मतदान दिवस 17 नवम्बर 2023 शुक्रवार को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया है।

विधानसभा निर्वाचन को लेकर कलेक्टर ने ली जिले के प्रिंटर्स की बैठक

सिवनी यशोः- विधान सभा निर्वाचन 2023 घोषणा उपरांत जारी आदर्श आचरण संहिता के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंघल ने निर्वाचन अवधि के दौरान प्रिंटिंग प्रेस की भूमिका को लेकर विस्तृत जानकारी उपस्थित प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को दी।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिये कि कोई भी अभ्यर्थी किसी भी प्रकार के पैम्पलेट, पोस्टर मुद्रालय में छपवाता है, तो उससे निर्धारित प्रारूप पर हस्ताक्षर लें। जिसमें दो गवाह भी होने चाहिये। इस प्रकार के नियम निर्देश अपनी प्रिन्टिंग प्रेस के बाहर चस्पा करायें, जिस पैम्पलेट, पोस्टर को छापते है, तो उसकी चार प्रतियां कवरिंग लेटर के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री सिंघल ने बताया कि निर्वाचन पैम्पलेटें, पोस्टरों आदि का मुद्रण एवं प्रकाशन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127ए के उपबन्धों द्वारा विनियमित किया जाता हैं। धारा 127ए पैम्पलेट, पोस्टरों आदि के मुद्रण पर प्रतिबन्ध है। कोई व्यक्ति किसी ऐसे निर्वाचन पैम्पलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण या प्रकाशन नहीं करेगा अथवा मुद्रित या प्रकाशित नहीं करवायेगा, जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक एवं उसके प्रकाशक का नाम व पता न लिखा हो। कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन पैम्पलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण नहीं करेगा या मुद्रित नहीं करवाएगा। जब तक कि प्रकाशक की पहचान की घोषणा उनके द्वारा हस्ताक्षरित तथा दो व्यक्ति जो उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानते हो, द्वारा सत्यापित न हो तथा जिसे उनके द्वारा डुप्लीकेट में मुद्रक को न दे दिया जाये तथा जब तक कि दस्तावेज के मुद्रण पश्चात् उचित समय पर मुद्रक द्वारा दस्तावेज की चार प्रतियों के साथ घोषणा की एक प्रति न भेजी जाएं। कोई व्यक्ति जो उपधारा (1) अथवा उपधारा (2) के किसी भी उपबन्ध का उल्लंघन करता है, वह 6 महीने तक कारावास अथवा जुर्माना जिसे दो हजार रुपये तक बढ़ाया जा सकता है अथवा दोनों से दण्डनीय होगा। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन पंवार, अपर कलेक्टर सीएल चिनाप तथा उपजिला निर्वाचन अधिकारी वंदना जाट सहित जिले के सभी प्रिंटर्स की उपस्थिति रही।

सिवनी में मतदान के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को किया जा रहा जागरूक,

स्कूली छात्र-छात्रा निभा रहे अहम भूमिका

सिवनी यशोः- सिवनी जिले में विधानसभा निर्वाचन को देखते हुए जिले में शतप्रतिशत मतदान कराने को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। और आगामी 17 नवम्बर को जिले के प्रत्येक आयु वर्ग का मतदाता अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करे। इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। जिसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों को कहा गया है की लोगो को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। जहां ग्रामवार रैलियों, दीवार लेखन तथा गृह भेंट के माध्यम से जनजागरूकता प्रसारित की जा रही है। वहीं स्कूल, कॉलेजों में निबंध लेखन, चित्रकला, रंगोली,मानव श्रृंखला जैसी कई प्रतियोगिताऐं आयोजित करते हुए नवमतदाताओं को जोड़ा जा रहा है। और अधिकारियों द्वारा आमजनों से आगामी 17 नवम्बर को अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई जा रही है। जिले में नवाचार करते हुये ग्रामवार हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत ग्रामवार चुनरी में ग्राम के मतदान हेतु पात्र व्यक्तियों से हस्ताक्षर कराया जा रहा है। तथा स्कूलों में छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली जा रही है। हाथ मे मेहंदी लगाई जा रही है। इस कार्य मे छात्रों के साथ शिक्षक भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

नवरात्र-गरबा डांडिया का आयोजन महिला समिति द्वारा मठ मंदिर में की गई मातारानी की आराधना

सिवनी यशोः- जिले भर में विगत शारदेय नवरात्र पर्व के दौरान मातारानी की पूजा आराधना की गई, नगर सहित अन्य विकासखंड मुख्यालयों में गरबा डांडिया के विशाल आयोजन किये गये वहीं प्राचीन मठ मंदिर आजाद वार्ड सिवनी में एक ऐसा अनूठा आयोजन किया गया जिसमें केवल महिलाओं और युवतियों ने ही गरबा, डाँडिया के माध्यम से मातारानी की आराधना कर पूजन-अर्चन किया। मठ महाकाल महिला समिति के सौजन्य से चतुर्थी के दिन से ही खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें खुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, पासिंग बॉल सहित अन्य प्रतियोगिताएं रखी गई थी जिनमें विजेताओं को समिति की ओर से पुरूस्कार भी प्रदान किये गये। पंचमीं से सभी महिलाओं ने सनातनी परंपरा को निभाते हुए पारंपरिक वेशभूषा में मंदिर परिसर में बनाये गये विशाल पंडाल में गरबा डांडिया रास के माध्यम से देवी जी की अष्टमीं के पर्व तक प्रतिदिन आराधना की। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर केवल नारी शक्ति को ही प्रवेश की अनुमति प्रदान की गई थी। मठ मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी परिसर में मातारानी की प्रतिमा की स्थापना की गई थी, महाष्टमीं के दिन हजारों की संख्या में उपस्थित महिलाओं एवं पुरूषों की उपस्थिति में बंगाल की विशेष काली पूजन महाआरती के आयोजन में भारी जनसैलाब उपस्थित रहा। इसके उपरांत रात्रि में ही महिला समिति के नेतृत्व में पारंपरिक वेशभूषा के साथ युवतियों और महिलाओं ने मातारानी की विसर्जन यात्रा का नेतृत्व करते हुए उन्हे मठ मंदिर तालाब में विसर्जित करवाया। 5 दिनों तक चले इस कार्यक्रम में केवल नारियों को ही आयोजन स्थल पर प्रवेश की अनुमति दी गई थी, समस्त कार्यक्रम मठ महाकाल महिला समिति के सौजन्य से ही आयोजित हुए। मंदिर समिति ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी सनातन बंधुओं, दानदाताओं व आम नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहां कि उनके सहयोग से ही हर वर्ष यह आयोजन सनातनी परंपरा के अनुसार करवाया जायेगा।

मवेशियों के अवैध परिवहन करते आरोपी पकडाये

सिवनी यशोः- सिवनी जिले की लखनादौन पुलिस ने मवेशियों के अवैध परिवहन करते आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनादौन पुलिस को रात्रि के समय सूचना मिली थी को कुछ लोगो द्वारा मवेशियों की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद लखनादौन थाना प्रभारी ने पुलिस अमले के साथ मुखबिर के बताए स्थान में दबिश दी। जहां अवैध गौवंश तस्करों व रेकी करने वाले वाहन आईसर ट्रक, स्विटफ़ कार व 26 मवेशियों को जप्त कर, 6 गौ तस्करों को गिरफतार किया है। लखनादौन थाना प्रभारी ने बताया कि जबलपुर तरफ से एक आईसर ट्रक एमपी 06 जी.ए. 3401 जो कि सिवनी तरफ जा रहा था। जिसमें अवैध रूप से गौवंश मवेशी ठुस-ठुस कर भरे थे। एवं आईसर ट्रक के आगे-आगे एक स्विटफ़ कार एम.पी. 33 सी 3085 रेकी करते हुए चल रही थी। सूचना पर तत्काल दो टीमों को गठित कर एन. एच. 44 रोड पिठेहरा मोड के पास पहली टीम द्वारा घेराबंदी कर आईसर वाहन ट्रक क्रमांक एमपी 06 जी0ए0 3401 को रोका गया। जिसमें तीन लोग मोहम्मद लईक पिता सान मोहम्मद उम्र 29 साल निवासी बाबरपुर वार्ड 14 थाना अजीतमल जिला औरैया (उ0प्र0), साजिद पिता शहीद मुसलमान उम्र 25 साल निवासी बाबरपुर वार्ड14 थाना अजीतमल जिला औरेया (उ0प्र0), आरिफ पिता रियाज अहमद उम्र 26 साल निवासी बाबरपुर वार्ड 14 थाना अजीतमल जिला औरैया (उ.प्र.) मिले। ट्रक में लगी त्रिपाल को हटा कर चैक करने पर वाहन में 26 नग गौंवश नाटा ठुस- ठुस कर नाक, गर्दन, पैर बंधे भरे हुए पाये गये। जिसमें 04 नग नाटा मृत पाये गये। दूसरी टीम द्वारा करीबन 1 किलोमीटर आगे रेकी करने वाले वाहन स्विफट कार एम.पी.33 सी 3085 को घेरा बंदी कर रोका गया। जिसमें तीन लोग मोनू रजक पिता लाखन सिंह रजक उम्र 25 साल निवासी बरोठे थाना देहात डबरा जिला ग्वालियर म0प्र0, गौरव सिंह पिता केशव प्रसाद सिंह उम्र 23 साल निवासी लालोर थाना मुरैना जिला मुरैना (म.प्र.), मनोज जाटव पिता कैलाश जाटव उम्र 21 साल निवासी निवासी डबरा थाना मुरैना जिला मुरैना मिले। जो आईसर वाहन जिसमें गौवंश भरे थे। उन्हें रास्ता क्लियर होने की सूचना दे रहे थे। इस प्रकार आईसर ट्रक स्विफट कार 26 नग गौवंश को जप्त कर, सभी 6 आरोपियों को गिरफतार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध कई धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्यवाही में निरीक्षक के.पी. धुर्वे थाना प्रभारी लखनादौन, उनि. एन.पी. चौधरी, सउनि. गोविंद पटेल, प्रआर. मेघेन्द्र राहंगडाले, प्र.आर.विनोद बघेल, आर. अनिल लोखंडे, आरक्षक नवनीत पाण्डेय, आरक्षक राजू धुर्वे, आरक्षक नरेन्द्र तुमसरे, आर. होमेश्वर गायकवाड, आर.प्रियंक तिवारी चालक आरक्षक प्रकाश उईके शामिल रहे।

परीक्षा परिणामों की गड़बड़ी के चलते अखिल भारतीय विद्यार्थी ने कुलपति के नाम पीजी कॉलेज एवं कन्या महाविद्यालय में सौंपा ज्ञापन

सिवनी यशोः-अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिवनी द्वारा छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के अधीनस्थ समस्त महाविद्यालयो के छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से परीक्षा मूल्यांकन में गड़बड़ी के चलते राजा शंकर शाह विश्विद्यालय कुलपति को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय प्राचार्य के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। नगर मंत्री सुजल मिश्रा ने बताया कि हाल ही में घोषित स्नातक प्रथम वर्ष के एटीकेटी परीक्षा परिणाम में कई त्रुटियां देखने को मिली है। जिसमें परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को भी अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है। एवं पिछले वर्ष 1- 2 नंबर से अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को बड़े स्तर पर सप्लीमेंट्री की परीक्षा में पुनः अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है। जिससे विद्यार्थियों का भविष्य संसय में है। एवं बार-बार परीक्षा परिणाम में इस प्रकार की पुनरावृत्ति कहीं ना कहीं परीक्षा मूल्यांकन पर प्रश्न खड़े करती है। अतः एटीकेटी के समस्त अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों का निशुल्क पुनर मूल्यांकन कराया जाए। एवं पोर्टल द्वारा जिन विद्यार्थियों को उत्तीर्ण होने पर भी अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया है। उनका परीक्षा परिणाम बिना किसी शुल्क के सुधारा जाए। यह सभी विषय पर प्राचार्य के द्वारा कुलपति को ज्ञापन सोपा गया। जिसमे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सिवनी विभाग सयोजक नितिन सनोडिया, विभाग छात्रा प्रमुख नेहा कश्यप, भाग सयोजक कुणाल यादव, प्रांत कार्यकारणी सदस्य आदित्य बघेल, श्रृष्टि नाग, नगर सह मंत्री अंश यादव, कॉलेज के कार्यकर्ता प्रेम अग्रवाल, शशांक उपाध्याय एव समस्त कॉलेज के छात्र छात्रा उपस्थित रही।

गर्भवती एवं धात्री माताओं ने लिया नैतिक मतदान का संकल्प

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता गतिविधियों का मण्डला जिल में सतत रूप से आयोजन किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बीजाडांडी, नारायणगंज, मवई एवं निवास परियोजना में स्वीप कैलेण्डर के अनुसार गर्भवती एवं धात्री माताओं के मध्य मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। गर्भवती एवं धात्री माताओं ने पोस्टर एवं सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से लिखा उम्र 18 पूरी है, मत देना बहुत जरूरी है, प्रजातंत्र से नाता है भारत के मतदाता हैं सहित अन्य स्लोगन लिखकर मतदाताओं से नैतिक मतदान की अपील की गई। इस दौरान सभी महिलाओं ने नैतिक मतदान का संकल्प भी लिया।

पांच दिवसीय पुलिसिंग क्रिकेट मैच का आयोजन

मंडला यशोः- 35वीं वाहिनी विसबल ग्वारा में पुलिस झंडा दिवस के उपलक्ष्य में शहीद पुलिसकर्मियों की शहादत को उजागर करने हेतु सेनानी संतोष कोरी के तत्वाधान में एवं उप सेनानी इंद्र सिंह परस्ते के निर्देशन में 5 दिवसीय सामुदायिक पुलिसिंग क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 8 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें ग्राम ग्वारा, बाजा, पेटेगांव, ढेंको, छरगवां, सकवाह, वाहिनी पुलिस लाइन एवं वाहिनी मुख्यालय ने भाग लिया। वहीं 26 अक्टूबर को बटालियन पुलिस लाइन ग्वारा के ग्राउंड में प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया जिसमें वाहिनी पुलिस लाइन की टीम विजेता रही।

आंगनवाड़ी केन्द्रों में रंगोली और मेहंदी के जरिए मतदान का आव्हान

मंडला यशोः- जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत आगामी 17 नवंबर को मतदान होगा। लोकतंत्र के इस पर्व में जिले में अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें, इसके लिये निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को बीजाडांडी, मवई, निवास, खा हेरखेड़ा, छपरतला, मोतीनाला सहित अनेक स्थानों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा मतदाता जागरूकता अंतर्गत रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय महिलाओं ने भी अपनी सहभागिता की। इसके साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने केन्द्रों में उपस्थित महिलाओं से विधानसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने और अपने परिवार के वयस्क सदस्यों तथा आस-पड़ोस के मतदाताओं को विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की।

भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आज सिवनी में सघन जन संपर्क अभियान

सिवनी यशोः- सिवनी विस प्रत्याशी के समर्थन में नगर भाजपा द्वारा चार दिवसीय व्यापक जनसंपर्क अभियान पूरे नगरीय क्षेत्र में चलाया जाएगा। जिसमें भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन के साथ ही नगर के सभी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण शामिल रहेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए भाजपा उत्तर नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक दुबे द्वारा बताया गया कि यह जनसंपर्क प्रतिदिन प्रात 10-00 बजे से प्रारंभ होगा एवं शनिवार 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रतिदिन चलेगा।

यह जनसंपर्क पूरे नगरीय क्षेत्र में चलेगा। भाजपा नगर अध्यक्ष द्वय अभिषेक दुबे एवं संजय सोनी द्वारा बताया गया कि, इस जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता गण एवं विधायक प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन 28 अक्टूबर को सुबह 10 बजे मठ मंदिर मे बाबा महाकाल के दर्शन और आशिर्वाद लेकर जनसंपर्क प्रारंभ करेंगे जो तिलक वार्ड, रानी दुर्गावती, वार्ड कस्तूरबा वार्ड, अंबेडकर वार्ड, अशोक वार्ड, सुभाष वार्ड, शहिद वार्ड में सिंह वाहिनी मंदिर क्षेत्र में चलेगा।

इसी कडी मे यह जनसंपर्क कार्यक्रम रविवार 29 अक्टूबर को प्रातः 10-00 बजे से विवेकानंद वार्ड स्थिति सिंह वाहिनी मंदिर से प्रारंभ होकर कटंगी रोड विवेकानंद वार्ड, आजाद वार्ड, संजय वार्ड, मेजर ध्यानचंद वार्ड, गुरु नानक वार्ड, महावीर वार्ड, गांधी वार्ड, टैगोर वार्ड बरघाट नाका पानी टंकी क्षेत्र में होगा।

निरधारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार 30अक्टूबर को सभी कार्यकर्ता भैरोगंज हनुमान घाट में एकत्र होकर विधायक प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन के साथ, जिंदल हॉस्पिटल नीचे वाली गली, करवे कॉलोनी, पृथ्वीराज चौहान वार्ड, महामाया वार्ड, एमएलबी वार्ड, अकबर वार्ड, शास्त्री वार्ड, सी वी रमन वार्ड मे जनसंपर्क करेंगे

इसी तरह मंगलवार 31अक्टूबर को भाजपा कार्यकर्ता डूंडा सिवनी चौक में एकत्र होकर जनसंपर्क करेंगे। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अभिषेक दुबे दक्षिण मंडल अध्यक्ष एवं संजय मंडल उत्तर मंडल अध्यक्ष ने भाजपा के सभी पदाधिकारी द्वारा इस जनसंपर्क अभियान को व्यापक एवं विशाल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय व स्थान पर अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होने का आग्रह किया गया है।

27 अक्टूबर को 12 अभ्यर्थियों द्वारा जमा किए गए नाम निर्देशन पत्र

सिवनी यशोः- गुरूवार 27 अक्टूबर 2023 को कुल 12 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 115-सिवनी में अभ्यर्थी श्री दिनेश राय (दल सहबध्दता- भारतीय जनता पार्टी), अभ्यर्थी श्री रंजीत वासनिक (दल सहबध्दता- गोण्डवाना गणतंत्र पार्टी), अभ्यर्थी श्री अजय ओमकार सिंह एवं श्री तीरथ सिंह चंदेल द्वारा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 114 बरघाट में अभ्यर्थी श्री कमल मर्सकोल (दल सहबध्दता- भारतीय जनता पार्टी), श्री किशोरी लाल भलावी (दल सहबध्दता-आम आदमी पार्टी) से एवं श्री किरण मरकाम (दल सहबध्दता-बहुजन समाज पार्टी) से नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 116-केवलारी में अभ्यर्थी श्री घूरसिंह सल्लाम एवं अभ्यर्थी श्री दिलीप कुमार द्वारा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 117- लखनादौन में अभ्यर्थी श्री विजय उइके (दल सहबध्दता- भारतीय जनता पार्टी), एड. रामकुमार इनवाती (दल सहबध्दता- स्मार्ट इंडियनस पार्टी) एवं भाई संतर वलारी द्वारा (दल सहबध्दता- गोण्डवाना गणतंत्र पार्टी) से अपना नाम निर्देश पत्र संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया है।

इसके अतिरिक्त विधानसभा क्षेत्र 115- सिवनी में 03, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 114- बरघाट में 08, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 116- केवलारी में 09 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 117- लखनादौन में 01 नाम निर्देशन पत्र अभ्यर्थियों द्वारा लिये गए हैं।

नेशनल लोक अदालत 9 दिसंबर को

सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 9 दिसंबर 23 को नेशनल लोक अदालत आयोजन को लेकर प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष श्री राजीव एम. आप्टे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी अध्यक्षता में विगत दिवस जिला न्यायालय सिवनी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल में जिला न्यायालय के न्यायाधीशगणों एवं अधिवक्ताओं की प्रीसिटिंग बैठक आयोजित हुई। बैठक में नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी सिवनी आर.बी. यादव एवं श्रीमान विकास शर्मा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश/ सचिव द्वारा मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति के राजीनामा योग्य प्रकरणों को अधिक से अधिक निराकरण किये जाने के संबंध में समस्त न्यायाधीशगणों से चर्चा की गई।

पुलिस की विशेष कॉम्बिंग गश्त में 96 वारण्टी गिरफ्तार

बुधवार की रात को पुलिस द्वारा जिले में विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया।

बालाघाट। पुलिस की विशेष कॉम्बिंग गश्त में 96 वारण्टी गिरफ्तार एसपी श्री समीर सौरभ के निर्देशन और एएसपी श्री विजय डावर के सक्रिय मार्गदर्शन में बुधवार की रात को पुलिस द्वारा जिले में विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस अभियान में 06 अधिकारियों के अलावा समस्त थाना प्रभारी स्वयं क्षेत्र में जाकर थाने के बल के साथ कार्यवाही की। पुलिस विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार थाना क्षेत्र में निवासरत, छुपे हुए जिलाबदर, गुण्डे एवं निगरानी बदमाशों की चेकिंग सहित स्थाई, फरारी एवं गिरफ्तारी वारण्ट को तामील कराने का प्रयास किया गया है। आगामी विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा सतर्कता बरती जा रही है। साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार से अभियान चलाये जाते रहेंगे, जिससे गुण्डा बदमाशों तथा असामाजिक तत्वों को अशांति फैलाने से रोका जा सके।कॉम्बिंग गश्त के दौरान की गई कार्यवाही बुधवार को 157 पुलिस कर्मियों ने रात मव कार्यवाही करते हुए 52 स्थायी वारंट तामील कराये है। इसी तरह गिरफ्तारी के 44 वारंट, 25 जिला बदर के आरोपियों, 77 निगरानी बदमाश और 71 गुंडा बदमाशो पर नजर रखी गई। आचार संहिता लगने के बाद से अब टी 156 स्थाई वारंट और 449 गिरफ्तारी वारंट तामील कराये गए है।

निगरानी दलों की मुस्तैदी रंग लायी, ढलती शाम में जब्त किये 12 लाख 50 हजार

विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर चुनाव को प्रभावित करने वाले हर एक कारणों पर बड़ी मुस्तैदी के साथ निगरानी दल कार्यवाही में जुटे हुए है।

बालाघाट। निगरानी दलों की मुस्तैदी रंग लायी,ढलती शाम में जब्त किये 12 लाख 50 हजार विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर चुनाव को प्रभावित करने वाले हर एक कारणों पर बड़ी मुस्तैदी के साथ निगरानी दल कार्यवाही में जुटे हुए है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा इस संबंध में नोडल अधिकारी और सीसीटीवी के माध्यम से चेक पोस्ट पर लगातार निगरानी कर रहे है। बुधवार शाम को कंजई चैक पोस्ट पर एक बड़ी कार्यवाही की गई। धारना बरघाट से वारासिवनी की ओर आ रहे एक बोलेरो वाहन की जांच से 12 लाख 50 हजार नगद रुपये जब्त किए गए है। बालाघाट रिटर्निंग अधिकारी श्री गोपाल सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि शाम करीब 5 बजे चेक पोस्ट से गुजरने वाले वाहन की सूक्ष्मता से जांच की गई। वाहन क्रमांक एमपी-50-सी-9757 से वाहन चालक की सीट के पीछे से राशि जब्त की गई। वाहन ईश्वरी पातरे का बताया गया है। जांच के बाद पूछताछ में बताया कि शराब ठेकेदार कन्हैयालाल पातरे और राकेश मिश्रा द्वारा धारना व बरघाट समूह की संचालित दुकानों से राशि जमा करने के लिए ब्रजेश सिंह, दीपक सिंह, ऋषभ ब्र हो, पप्पू टेमरे और हर्ष चौहान के साथ जा रहे थे।देर रात तक होती रही गिनतीएसडीएम श्री सोनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला शाम का ही है लेकिन बड़ी राशि होने से करीब 9-30 बजे तक गिनती होती रही। जब्त की गई राशि का विधिवत पंचनामा बनाकर कोषालय में राशि जमा कराई गई है। कार्यवाही में एसएसटी कर चंद्र मोहन रामटेके,एफएसटी के एसआर पटले, थाना प्रभारी शिव पूजन मिश्रा,लालबर्रा एसआई विजय सिंह मौजूद रहे। जब्त राशि मे 500-500 के 1670 नोट तथा 200-200 के 600, 100-100 के 2700 और 50-50 के 500 नोट पाए गए।

30 अक्टूबर को होगा समापन हजरत कुतुबुद्दीन शाह चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह का उर्स

मंडला यशोः- शुक्रवार से हजरत कुतुबुददीन शाह चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह का उर्स मनाया जायेगा। पुरनूर कमेटी मण्डला ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एस. पी. ऑफिस के सामने स्थित हजरत कुतुबुददीन शाह चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह में उर्स का आयोजन किया जा रहा है। 27 अक्टूबर शुक्रवार से उर्स की शुरुआत निशान रोशन से होगी। 28 अक्टूबर शनिवार को दरगाह परिसर में मिलाद शरीफ एवं कुरानखानी का एहतमाम किया गया है। 29 अक्टूबर रविवार को शाही संदल निकलेगा जो हजरत बाबा मासूम शाह की दरगाह से निकलकर हजरत कुतुबुददीन शाह चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह में पेश किया जायेगा। संदल के बाद लंगर तकसीम किया जायेगा। 30 अक्टूबर सोमवार की सुबह बाद नमाज फज्र कुल फातिहा के साथ उर्स का समापन होगा।

निर्वाचन के दौरान नेटवर्क बेहतर रखने के निर्देश

कलेक्टर ने ली संबंधितों की बैठक

मंडला यशोः- विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान नेटवर्क की व्यवस्था को बेहतर बनाने की दृष्टि से आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि सभी कंपनियां अपने नेटवर्क को बेहतर बनाएं। शेडो एरिया में नेटवर्क की व्यवस्था करें। चुनाव कार्य के महत्व को ध्यान में रखते हुए नेटवर्क संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करें।

कलेक्टर ने कहा कि सभी कंपनियां नेटवर्क से संबंधित मेंटेनेन्स का कार्य जल्द पूरा करें। 15 से 18 नवंबर के मध्य किसी भी क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या नहीं आनी चाहिए। कलेक्टर ने कमजोर नेटवर्क वाले क्षेत्रों में भी सुधार कराने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह सहित संबंधित अधिकारी तथा विभिन्न नेटवर्क कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

गांव-गांव पहुंच रहा मतदाता जागरूकता रथ

मतदान दिवस 17 नवम्बर 2023
मतदाताओं से अर्ज़ है, वोट डालना हमारा फर्ज़ है
मतदान दिवस
17 नवम्बर 2023
जिला निर्वाचन अधिकारी मण्डला

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र में सहभागी बनें इस हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय मंडला द्वारा लगातार अभिनव प्रयास किए जा रहे हैं। बुधवार को जिला स्वीप नोडल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांश कूमट द्वारा मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। जागरूकता रथ के द्वारा मतदाता जागरूकता गीत तथा बैनर-पोस्टर के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करा रहा है। मंडला विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जहरमऊ में महिला मतदाताओं के बीच पहुंचकर 17 नवंबर को शतप्रतिशत मतदान की अपील करते हुए रथ में उपस्थित मतदाता गीत रचयिता श्याम बैरागी द्वारा सभी बहनों से अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की। साथ ही अपने परिवार के सभी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया। मतदाता जागरूकता रथ मंडला से सिवनी मार्ग पर विभिन्न ग्रामों से होता हुआ नैनपुर विकासखंड के ग्राम जहरमऊ पहुंचा था। रथ द्वारा आगामी समय में संपूर्ण जिले का भ्रमण किया जाएगा तथा मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा।

जिले के थाना, चौकियों में फ्लैग मार्च

आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष, निर्विघ्न संपन्न कराने अर्लट

ग्रामीणों को आचार संहिता की दी जा रही समझाईश

मंडला यशोः- आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को निष्पक्ष एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने के साथ सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत रखते हुए फ्लैग मार्च किया गया। बता दे कि जिले को आबंटित सीएपीएफ फोर्स सीआरपीएफ एवं थाना बिछिया पुलिस द्वारा विधानसभा चुनाव 2023 की तैयारी की दृष्टिगत गुरूवार को थाना बिछिया पुलिस एवं सीआरपीएफ द्वारा थाना बिछिया क्षेत्र के ग्राम घुटास व भुआ बिछिया में केंद्रीय सशस्त्र बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया।

फ्लैग मार्च के दौरान ग्रामीणों को आचार संहिता का पालन करने की समझाएं दी गई। इसके साथ ही वलनरे बल मतदान केंद्र व संवेदनशील मतदान क्षेत्र का भी भ्रमण किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान थाना प्रभारी बिछिया, थाने का बल एवं सीएपीएफ के जवान शामिल रहें।

निवास पुलिस ने सीएपीएफके साथ निकाला फ्लैग मार्च

चुनाव के मद्देनजर निवास थाना क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाता निर्भीक होकर मतदान करें इसलिए थाना प्रभारी निवास निरीक्षक सुरेश सोलंकी, थाने का बल एवं सीआरपीएफ के जवानं के साथ निवास क्षेत्र में कस्बा निवास, पिपरिया, जेब्रा रपटा, बबलिया में सीआरपीएफ 239 कंपनी के साथ फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान उन्होंने आमजन से निर्भिक होकर अपने मतों का प्रयोग करने हेतु अपील की।

थाना घुघरी, चौकी सलवाह ने किया फ्लैग मार्च

विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगते ही पुलिस भी अलर्ट मोड पर आ गई है। गुरुवार को पुलिस एवं सीआरपीएफकी संयुक्त टीम ने थाना घुघरी पुलिस स्टाफ चौकी सलवाह में फ्लैग मार्च किया गया। जिसका उद्देश्य शांति पूर्ण तरीके से मतदान कराना। जिससे आने वाली 17 नवंबर को मतदाता निडर और निर्भीक होकर मतदान कर सके।

फ्लैग मार्च शहर के विभिन्न चौक चौराहो से होते हुए आसपास के कस्बों में निकाला गया।

शांति पूर्ण मतदान करने का दिया संदेशः

पुलिस एवं सीआरपीएफकी संयुक्त टीम ने फ्लैग मार्च निकाल कर शांति पूर्ण मतदान का संदेश दिया। जिले में शांति पूर्ण तरीके से मतदान कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध जिसके लिए पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों को यह बताने का प्रयास कर रहें हैं कि बिना किसी डर के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक भी दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

मण्डला यशोः-भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है परंतु उसके पास किसी वजह से मतदाता परिचय पत्र उपलब्ध नहीं है तो भी वह मतदाता परिचयपत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो युक्त दस्तावेज में से कोई एक दिखाकर मतदान कर सकता है।

इस संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार यदि किसी कारण से किसी नागरिक को मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं होती है, लेकिन उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो भी वह मतदान कर सकेगा। सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र जारी किया जा रहा है। जो मतदाता वोटर आईडी कार्ड प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा। 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंक, डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैनकार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदें, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

26 अक्टूबर को 4 अभ्यर्थी ने भरे नामांकन

मण्डला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत 26 अक्टूबर को जिले में 4 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन प्रस्तुत किए गए हैं। इस संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 105 बिछिया विधानसभा क्षेत्र से इंडियन नेशनल कॉंग्रेस के नारायण तथा भारतीय जनता पार्टी से विजय आनंद मरावी द्वारा नामांकन पत्र प्रस्तुत किया गया

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati.com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-
मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297